# महाजनसम्पर्क अभियान के तहत केंद्र की नीतियों से कराया अवगत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर विधायक मदन कौशिक ने उत्तरी हरिद्वार खड़खड़ी में महाजनसंपर्क अभियान चलाते हुए खड़खड़ी के बाजार, गली-मोहल्लों में व्यापारियों एवं आम जनमानस से सम्पर्क कर प्रधानमंत्री मोदी की रीति-नीतियों भविष्य की जनहित में तैयार योजनाओं के बारे में बताया।
उतरी हरिद्वार में आज महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता सुनील सेठी के संयोजन में कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विधायक मदन कौशिक ने व्यापारियों एवं क्षेत्र की




जनता को महाजनसम्पर्क अभियान से जुड़ने के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी से प्रधानमंत्री मोदी की उतराखण्ड को लेकर भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए पीएम मोदी को मजबूत करने की अपील की।
भाजपा नेता सुनील सेठी ने कहा कि जिस प्रकार मदन कौशिक के नेतृत्व में पूरे लोकसभा क्षेत्र में महाजनसम्पर्क अभियान डोर टू डोर चलाया जा रहा है निश्चित ही वह हर वर्गीय हर नागरिक को इससे जोड़ने का काम करते हुए आगामी 2024 में मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगा।
मंडल अध्यक्ष तरुण नैय्यर ने कहा कि मदन कौशिक की लोकप्रियता और पीएम मोदी की कल्याणकारी योजनाएं दोनों ही हर व्यक्ति को इस अभियान से जोड़ रही है जो निश्चित ही 2024 के लिए हरिद्वार लोकसभा के साथ पूरे उतराखण्ड में मजबूत करने का काम करेगी।
जितनी योजनाएं आई गत वर्षों में जनता के लिए उससे भी ज्यादा कल्याणकारी योजनाएं हर वर्ग के लिए आने के लिए तैयार हैं, जो केंद्र की मोदी सरकार के अलावा कोई सरकार कभी नहीं कर सकती, इसलिए फिर से भाजपा सरकार ही जनता की सरकार बनेगी।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनधि राजकुमार अरोड़ा, खड़खडेश्वर अध्यक्ष भूदेव शर्मा, एसएन तिवारी, संजय कालरा, कुलदीप सिंह, डॉक्टर श्याम पुरी, नितेश गिरी, सचिन अग्रवाल, पवन पंडित, दीपक कुमार, रमेश चंद, आशीष अग्रवाल, चरण सिंह, अनिल कुमार, राहुल शर्मा उपस्थित रहे।

# राहगीरों को लूटने वाले 02 गिरफ्तार

8 -एक माह पूर्व युवती से मोबाइल लूट की घटना को दिया था अंजाम
8 लूट का मोबाइल बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल थाना क्षेत्र स्थित मोहल्ला चौपाड़ निवासी युवती से मोबाइल लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूट का मोबाइल बरामद कर लिया है।
गत 07 मई को कनखल के मोहल्ला चौपाड़ निवासी युवती का कुम्हारगढ़ा कनखल क्षेत्र से 02 अज्ञात बाइक सवारों ने राह चलते मोबाइल लूट लिया था और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपि फरार हो गए थे। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश



शुरू कर दी थी। पुलिस ने जियापोता जाने वाले नगर मार्ग से मोबाइल लूट के 02 आरोपितों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक व लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम शिवम और गौरव निवासीगण ग्राम दुर्गागढ़ थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताए। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया है।

# 18वीं राष्ट्रीय एथलेटिक चैंपियनशिप 26 जून को

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
युवरानी महेंद्र कुमारी 18वीं राष्ट्रीय एथलेटिक चैंपियनशिप 26 व 27 जून को परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित होगा। देश भर से 800 वैटरन खिलाड़ी करेंगे।
राजस्थान राजघराने की युवरानी महेन्द्र कुमारी (पूर्व सांसद) की स्मृति में पिछले 18 वर्षों से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एथलेटिक चैंपियनशिप इस वर्ष उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आगामी 26 व 27 जून को आयोजित की जा रही है।
आयोजन समिति की अध्यक्षा जीत कौर ने बताया कि उक्त आयोजन के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता व खेल प्रेमी सूर्यकांत धस्माना को संयोजक व वैटरन खिलाड़ी उमा कोठारी को सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है।

# कैबिनेट मंत्री ने कार्यों को तय समय सीमा में न किये जाने पर जताई नाराजगी

8 उन्होंने जिलाधिकारी से वार्ता कर सभी अधिकारियों को निर्माण कार्य पूर्ण होने तक यही कैम्प करने के निर्देश दिये

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने जी-20 के अंतर्गत किये जा रहे निर्माण कार्य को पूर्व में तय डेटलाइन 20 जून तक पूर्ण न किये जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके से ही जिलाधिकारी देहरादून सोनिका को दूरभाष पर वार्ता कर सभी अधिकारियों को निर्माण कार्य पूर्ण होने तक यही कैम्प करने के निर्देश दिये। साथ ही अति शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण



करने के निर्देश दिए। शनिवार को अग्रवाल ने त्रिवेणी घाट पर निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जताते हुए कहा कि अति शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए।
उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार का समझौता ना हो और निर्माण कार्यों को परमानेंट किया जाए, इसकी सुनिश्चितता की जाए। साथ ही निर्देश दिए कि मैनपावर बढ़ाते हुए रात्रि में भी निर्माण कार्य किए जाएं।
उन्होंने निर्देशित किया कि विभाग स्थाई प्रकृति के कार्य करें तथा जो कार्य किए जा रहे हैं उनके रखरखाव की भी पूर्ण व्यवस्था बना ली जाए। उन्होंने नगर निगम ऋषिकेश के अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और नियमित सफाई कार्य सुनिश्चित किए जाएं।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश सौरभ असवाल, नगर आयुक्त राहुल गोयल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग धीरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई दिनेश उनियाल, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल शक्तिलाल, एसडीओ सिंचाई अनुभव नौटियाल सहित मण्डल अध्यक्ष सुमित पंवार, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता शाह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बृजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीदेव सुमन विवि ने 40 से अधिक व्यावसयिक पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम किये घोषित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने व्यावसयिक पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विषम सेमेस्टर की 40 से अधिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिये हैं।
इनमें एमएससी, मत्स्य विज्ञान, एमपीएड, एमएफए, एमएसडब्ल्यू पीजी डिप्लोमा इन मेरी टाइम इंजीनीयरिंग, पीजी डिप्लोमा इन फिल्म प्रोडक्शन, बीबीए, बीए आनर्स मॉस कॉम एंड जर्नलिज्म, बीएससी फैशन डिजाइनिंग, बीएससी एयर क्राफ्ट मेन्टनेंस, बीए योगा, बीएससी फूड टैंक, एमए योगा सहित अनेक विषयों के परीक्षा परिणाम शामिल हैं। इनके परिणाम ऑनलाइन कर दिये गये हैं।
विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने बताया कि समय पर परीक्षाएं कर उनके परिणाम घोषित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं।
उन्होंने कहा कि जल्द ही विषम सेमेस्टर परीक्षाओं सम्बन्धित सभी परीक्षा परिणाम सार्वजनिक कर दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का सत्र नियंत्रित किया जा रहा है। आगामी सत्र से निर्धारित समय पर ही परीक्षाएं करायी जाएंगी, जिससे छात्र-छात्राओं को अग्रिम कक्षाओं में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होंगे।
श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति वर्ष 2022 से स्नातक स्तर पर लागू कर दी गयी है, जिसे वर्तमान वर्ष 2023 से स्नातकोत्तर स्तर पर भी लागू कर दिया गया है। विश्वविद्यालय में मानव संसाधन की कमी के बावजूद भी समय पर परीक्षाएं व परीक्षा परिणाम घोषित करने के पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। सहायक परीक्षा नियंत्रक व्यावसायिक परीक्षा डॉ. हेमन्त बिष्ट ने बताया कि वर्ष 2023 से निश्चित तौर पर सत्र नियंत्रित हो जाएगा। छात्र-छात्राएं परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### हनुमान जी का स्मरण करने से होता है संकटों का शमन : विज्ञानानंद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीगीता विज्ञान आश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि हनुमत कृपा से ही भगवत कृपा की प्राप्ति होती है, जो भक्त हनुमान जी का वंदन स्मरण करता है उसको बल, बुद्धि और विद्या की प्राप्ति के साथ ही सभी संकटों का शमन हो जाता है। वे आज राजा गार्डन स्थित श्री हनुमान मंदिर हनुमत गौशाला में आयोजित हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं को सनातन धर्म के संस्कारों का साक्षात्कार करवा रहे थे।
हनुमान चालीसा के प्रमुख अंशों का भावार्थ समझाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने अपने ग्यारहवें अवतार के रूप में हनुमान जी को भगवान श्री राम के कार्यों में सहयोग के लिए ही धराधाम पर भेजा था।
हनुमान जी ने राम भक्ति का जो परिचय दिया उसे सभी भक्तों को अपने जीवन आचरण में उतारना चाहिए।
हनुमान चालीसा के आयोजन को हनुमान जी की भक्ति को आत्मसात करने की प्रेरणा बताते हुए उन्होंने कहा कि सांसारिक कार्य एक दूसरे के सहयोग से ही चलते हैं, जिसके अंदर सहयोग की भावना होती है उसी की विजय होती है जबकि अहंकार व्यक्ति की शक्ति, संसाधन एवं साधना का नाश कर देता है। अहंकार को व्यक्ति के पतन का पायदान बताते हुए कहा कि जब हनुमान जी और राम का मिलन हुआ तभी से विभीषण, सुग्रीव और माता सीता सहित सभी के संकट कट गए।
सुंदर कांड को श्री रामचरित मानस का सर्वश्रेष्ठ अध्याय बताते हुए उन्होंने कहा कि सुंदरकांड का पठन-पाठन और श्रवण व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। आश्रम में चल रही धार्मिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 25 जून से 1 जुलाई तक प्रतिदिन सायंकाल 3.30 से 6.30 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ तथा 2 जुलाई को विश्वकल्याण गायत्री महायज्ञ के साथ ही 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# मानसून की आहट ने ग्रामीणों की उड़ाई नींद



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थ नगरी में शनिवार को भी बारिश जारी है। जून माह के अंतिम दिनों में मौसम के बदलते मिजाज के साथ मानसून की दस्तक के संकेत दिखाई देने लगे हैं। ऐसे में शहर से सटे प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों बाढ़ के खतरे की चिंता सताने लगी है। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के विधानसभा क्षेत्र में ही बाढ़ का संकट गहरा रहा है। विडम्बना यह भी है कि आमजन के जानमाल की सुरक्षा के प्रति सरकारी तंत्र बिल्कुल भी संवेदनशील नही है जबकि प्रत्येक वर्ष मानसून के दौरान खतरे के जद में आने वाले गौहरीमाफी, ठाकुरपुर, साहबनगर, चकजोगीवाला व हरिपुरकलां गांव के लिए बाढ़ सुरक्षा के फौरी इंतजाम अब तक मुक्कमल नही किए गए हैं। मानसून सिर पर है, ऐसे में बाढ़ के खतरे ने ग्रामीणों की धड़कन बढ़ना शुरू कर दिया बना है। सबके मन में एक ही सवाल है कि आखिर सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उनकी सुरक्षा की चिंता कब होगी।
गौरतलब है कि बीते वर्षों में सौंग और जाखन नदी में आई बाढ़ से चकजोगीवाला व साहबनगर का काफी बड़ा हिस्सा खतरे की जद में है। हर साल बाढ़ में किसानों की खेती की भूमि मय फसल बह जाती है। यहां कि किसानों के खेत नदी में तब्दील हो होते रहे हैं। अब नदी गांव में आबादी से सट कर बहने लगी है। यहां बाढ़ सुरक्षा को सीसी ब्लॉक तटबंध जरूरी है। गोहरीमाफी में तो सौंग नदी का बाढ़ का पानी पूरे गांव में घुस जाता है और नदी में तब्दील होकर गांव के बीच से गुजर कर नदी के रूप में विकराल रूप धारण कर जाता है।
हरिपुरकलां स्थित मोतीचूर की बरसाती नदी से हरिपुरकलां गांव को लगातार खतरा बना हुआ है। यहां तो स्थिति इतनी विकट है कि कई जगह तार जाल गायब हैं। कई जगह पुराने तार जाल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।क्षेत्रवासियों द्वारा प्रशासन व सिंचाई विभाग को स्थिति से अवगत कराये जाने के बाावजूद गांव में बाढ़ सुरक्षा के नाम पर अब तक कोई भी ठोस उपाय नही किए गये हैं।

# बिना आईडी कांवड़ मेले में नहीं मिलेगा प्रवेश

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कांवड़ मेला 2023 की तैयारियों को लेकर शनिवार को गढ़वाल मंडल कमिश्नर (आयुक्त) सुशील कुमार ने दो बैठकें कीं। पहली बैठक सुशील कुमार ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा सहित अन्य राज्यों के अधिकारियों के साथ की। जबकि दूसरी बैठक में हरिद्वार जिले के अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई। कांवड़ यात्रा को लेकर हुई बैठक के विषय में गढ़वाल कमिश्नर सुशील कुमार ने बताया कि यात्रा सुचारू रूप से हो सके और आने वाले श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधाएं मिले, इस पर गहनता से चर्चा और सुझाव सामने रखे गए हैं।

# जी-20 अतिथि पहुंचे एयरपोर्ट, परंपरा अनुसार स्वागत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश में 26 जून से होने वाली तीन दिवसीय जी- 20 बैठक में हिस्सा लेने के लिए ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल के तीन सदस्य जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर प्रातः विमान से पहुंचे। सभी का देवभूमि की परंपरा और ढोल दमाऊ के साथ स्वागत किया गया।
वर्किंग ग्रुप ऑन इंफ्रास्ट्रक्चर विषय पर केंद्रित इस बैठक में देश-दुनिया के इंफ्रास्ट्रक्चर की चुनौतियों और नई तकनीक आदि पर चर्चा की जाएगी।
इस मौके पर उप जिलाधिकारी डोईवाला शैलेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी टिहरी शालिनी पंत, तहसीलदार सोहन सिंह



रांगड़, सहित स्थानीय कलाकार आदि उपस्थित रहे।

# करोड़ों की ठगी का आरोपित हिरासत में, कई प्रदेशों में मामले दर्ज

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पूरे देश में एलआईसी पालिसी के नाम पर ठगी करने वाले आरोपित को उत्तराखंड एसटीएफ ने हिरासत में लिया है। आरोपित ने दिल्ली और एनसीआर में इस तरह की ठगी की है। उसका आपराधिक रिकार्ड पुराना है।
आरोपित ठग से पूछताछ में कई खुलासे होने की उम्मीद है।
साइबर क्राइम ने इसकी जांच निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला को सौंपी थी। उन्होंने जिन नंबरों से कॉल की गई थी,उनके माध्यम से आरोपित तक पहुंच बनाई और एक को दिल्ली से गिरफ्तार कर उससे छह मोबाइल, आधा दर्जन से अधिक सिमकार्ड, रजिस्टर तथा खातों का विवरण बरामद



किया। इस 40 वर्षीय आरोपित अजीत कुमार को दल्लूपुरा गांव ईस्ट दिल्ली से हिरासत में लिया गया है। आरोपित का आपराधिक इतिहास भी है। अजीत कुमार पहले भी अंबाला कैंट पुलिस द्वारा 5 करोड़ के ठगी में गिरफ्तार किया गया था। आरोपित पर हैदराबाद के तेलांगना, बिहार, गुजरात आदि क्षेत्रों में भी मामले दर्ज है। यह 2021 में भी जेल गया था।
आईआरडीए और आईजीएमएस कर्मी बताकर करता था ठगी-
एसटीएफ को शिकायतकर्ता अनसुया प्रसाद थपलियाल कौलागढ़ रोड देहरादून ने बताया कि वह एलआईसी पालिसी को कैन्सिल कराना चाहते थे, तो आरोपित ठग इसके लिए प्रोसेसिंग चार्ज की मांग की और स्वयं को आईआरडीए और आईजीएमएस का कर्मचारी बताकर फंड वापस दिलाने के नाम पर उससे 43,23,351 रुपये की धोखाधड़ी की।
इस संबंध में एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि आरोपित से पूछताछ के दौरान और बड़े मामलों का खुलासा होने के साथ टीम के मुखिया की भी जानकारी मिल सकेगी।

# 178वीं रक्षा पेंशन समाधान योजना (आरपीएसए) पिथौरागढ़ एवं चंपावत में हुई

**पिथौरागढ़/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में रहने वाले रक्षा नागरिकों सहित रक्षा पेंशनभोगियों की शिकायतों के निवारण के लिए 178वीं रक्षा पेंशन समाधान योजना (आरपीएसए) 22 और 23 जून 2023 को पिथौरागढ़ और चंपावत में की गई। इसका आयोजन उत्तर भारत क्षेत्र के तत्वावधान में पंचशूल ब्रिगेड और पीसीडीए (पेंशन) प्रयागराज ने किया था।
आरपीएसए का उद्घाटन ब्रिगेडियर एसपीएस चौहान, स्टेशन कमांडर द्वारा 22 जून 2023 को पंचशूल सभागार, पिथौरागढ़ सैन्य स्टेशन में किया गया था। इस अवसर पर ब्रिगेडियर एसपीएस चौहान ने




प्रकाश डाला कि यह आयोजन पेंशन और अन्य लाभों से संबंधित उनके व्यापक मुद्दों के समाधान के लिए पिथौरागढ़ और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले ईएसएम और वीर नारियों को एक समग्र मंच प्रदान करेगा।
इस अवसर पर गणमान्यों में रीना जोशी आईएएस, डीएम पिथौरागढ़, जेसी त्रिपाठी, आईडीएएस उप नियंत्रक; कर्नल सीबी पुन (सेवानिवृत्त) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और नागरिक प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। रीना जोशी आईएएस ने पूर्व सैनिकों को उनकी सक्रिय सेवा के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।
उन्होंने आरपीएसए के संचालन के लिए पंचशूल ब्रिगेड और पीसीडीए (पेंशन) प्रयागराज की गई पहल की भी सराहना की। आरपीएसए ने पेंशन विसंगतियों के प्राप्त 400 प्रकरणों में से 230 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया। बाकी मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

# चोरी की कार से घूम रहा था आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने नेशनल मोटर्स से कार चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने कार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को पकड़े गए आरोपित की करीब एक दर्जन मुकदमों में तलाश थी। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।
बीते रोज भगवानपुर थाना क्षेत्र के निवासी मनव्वर ने अज्ञात के खिलाफ मक्खनपुर भगवानपुर गागलेहड़ी रोड स्थित नेशनल मोटर्स से स्वयं की सेन्ट्रो कार एचआर 15 एक्स-3265 चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना भगवानपुर में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई थी।
शनिवार को पुलिस को मुखबिर से



आरोपित के क्षेत्र में चोरी की कार में सवार होकर घूमने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने सूचना पर काली नदी चेकपोस्ट पर चैकिंग अभियान चलाया और चोरी की गई सेन्ट्रो कार को बरामद कर लिया। पुलिस ने कार चालक आरोपित सावेज निवासी ग्राम गंदेवड़ा थाना फतेपुर जनपद सहारनपुर को हिरासत में लिया गया जबकि दूसरा आरोपित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। फरार आरोपित सावेज के ताऊ का लड़का निकला और कार चुराने की घटना में सम्मिलित रहा। आरोपित का आपराधिक इतिहास खंगालने पर पुलिस को पता चला कि यूपी के सहारनपुर जिले में 11 विभिन्न मामलों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# विकास के वाहक हैं उद्यमी: धामी

**8 प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है**



**देहरादून**
मुख्यमंत्री ने शनिवार को राजपुर रोड, देहरादून स्थित एक निजी होटल में बी.एन.आई देहरादून के दून ई 3 एक्सपो (बिजनेस कॉन्क्लेव) कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में निवेश करने वाले उद्यमी उत्तराखंड के विकास के सारथी और प्रदेश की प्रगति के वाहक हैं। उन्होंने सभी उद्यमियों का स्वागत किया।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बीएनआई दून एक्सपो केवल उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह हमारे राज्य में पनप रही उद्यमशीलता की भावना और नवीन मानसिकता का प्रमाण है। उत्तराखंड राज्य में सभी प्रकार के व्यवसायी अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकते हैं। सार्थक संबंध बना सकते हैं और नए अवसर तलाश सकते हैं।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश के ग्रोथ इंजन को दौड़ाने के लिए सरकार और उद्योग जगत के बीच एक उचित समन्वय बेहद आवश्यक है। हमारे एक-एक उद्यमी की उपलब्धि हमें आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहे है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। प्रधानमंत्री द्वारा नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया है, जो अब पूरा होता दिखाई दे रहा है। आज पूरी दुनिया भारत को सक्षम, रचनाशील, बदलाव के लिए तैयार एक अभिनव आर्थिक इकोसिस्टम के रूप में देख रही है।
उन्होंने कहा कि उत्तराखंड भी भारत की आर्थिक प्रगति में एक प्रमुख सहभागी बने और अग्रणी राज्यों में हमारा स्थान सुनिश्चित हो। इसके लिए सरकार कार्यरत है। राज्य सरकार निरंतरता के साथ अभावों को अवसरों में बदलने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार प्रदेश को निवेश के लिए एक सर्वाधिक पसंदीदा गन्तव्य के रूप में विकसित करने के लिए भी प्रयासरत है। राज्य में निवेश के लिए बेहतर कानून व्यवस्था, स्वच्छ पर्यावरण, रेल, सड़क तथा वायु परिवहन की सुविधा, सस्ती एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा जल संसाधन उपलब्ध हैं।
कार्यक्रम में मेयर सुनील उनियाल गामा, महानगर अध्यक्ष भाजपा सिद्धार्थ अग्रवाल, सुनील, राहुल, प्रकाश, रितु मौर्य, प्रगति एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# उत्तराखंड को नशामुक्त बनाने पर संगोष्ठी



**देहरादून**
उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य को नशामुक्त बनाने की तैयारी चल रही है।
इस संदर्भ में पुलिस के महानिदेशक अशोक कुमार की अध्यक्षता में देहरादून स्थित सरदार पटेल भवन में एंटी ड्रग्स दिवस सेमिनार हुआ।
इस सेमिनार में उन तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई जो उत्तराखंड प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने में मददगार

**8 इस सेमिनार में उन तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई जो उत्तराखंड प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं**

साबित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार पुलिस विभाग वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को ड्रग फ्री बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है इसी के तहत समय-समय पर ऐसे सेमिनार का आयोजन किया जाता है।
पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस विभाग द्वारा ऐसे कई स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां से ड्रग्स सप्लाई का काम किया जाता है। पुलिस महानिदेशक का कहना है कि ऐसी जगहों पर जल्द ही पुलिस की कार्रवाई देखने को भी मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बायजूस करियर प्लस प्रोग्राम (सीपीपी) के तहत 22 आकांक्षी जिलों से नीट यूजी 2023 में 52 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए

**हरिद्वार। नीति** आयोग के सहयोग से भारत के आकांक्षी जिलों के लिए एक विशेष पहल, बायजूस करियर प्लस प्रोग्राम (सीपीपी) ने इन दूरदराज के स्थानों के छात्रों को नीट यूजी परीक्षा 2023 में प्रभावशाली परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। पिछड़े पृष्ठभूमि वाले, जिनके पास पहले दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक की तैयारी के लिए कोई साधन नहीं था, अब बायजू के उच्च-गुणवत्ता वाले तकनीक-संचालित शिक्षण कार्यक्रमों तक मुफ्त में पहुंच सकते हैं। सीपीपी के बायजूस साथियों के समर्थन के साथ, उपस्थित हुए 195 में से 102 छात्रों ने उत्कृष्ट परिणामों के साथ प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की है। 3 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, क्वालीफायर में लगभग 61 प्रतिशत लड़कियां हैं। उत्तराखंड के हरिद्वार से बायजूस सीपीपी के छात्र तरुण जोशी ने 90.91 प्रतिशत अंक हासिल किए। परिणाम 13 जून को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा घोषित किए गए थे। अर्हता प्राप्त करने वाले छात्र भारत भर के 22 विभिन्न आकांक्षी जिलों से आते हैं, जो जमीनी स्तर पर छात्रों तक पहुंचने और उन्हें सशक्त बनाने के बायजूस सीपीपी के दृष्टिकोण का एक प्रमाण है। 2021 से, बायजूस करियर प्लस प्रोग्राम ने 112 आकांक्षी जिलों में सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के कई छात्रों का समर्थन किया है, उन्हें इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में भाग लेने और सफल होने के लिए मुफ्त तकनीक-संचालित शिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया है। बायजूस की सामाजिक पहल की उपाध्यक्ष मानसी कासलीवाल ने कहा कि आकांक्षी जिलों के कई छात्र पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं। बायजूस करियर प्लस प्रोग्राम के माध्यम से, हम छात्रों को तकनीक-सक्षम, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण कार्यक्रमों के साथ सशक्त बनाकर इन दूरस्थ स्थानों में शैक्षिक अंतर को पाटने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले 102 छात्रों का नीट यूजी 2023 क्वालिफाई करना हमें बेहद गर्व से भर देता है और इन जिलों में छात्रों के साथ-साथ हमारे साथियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत और समर्पण को दशार्ता है। जैसा कि हम अपने प्रशिक्षित साथियों और उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग सामग्री की मदद से अधिक छात्रों का समर्थन करना जारी रखते हैं, हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में हमें ऐसे और अधिक सफल छात्र देखने को मिलेंगे। नीट यूजी 2023 में कुल मिलाकर 90.91 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले हरिद्वार, उत्तराखंड के बायजूस सीपीपी छात्र तरुण जोशी ने कहा कि मैं बेहद खुश हूं क्योंकि मैं आखिरकार डॉक्टर बनने के अपने सपने को हकीकत में तब्दील होता देख सकता हूं। जबकि मैं 95 प्रतिशत से ऊपर स्कोर करने के लिए बहुत आश्वस्त था, बायजूस कैरियर प्लस प्रोग्राम के अटूट समर्थन ने मेरी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नियमित मॉक टेस्ट, सैंपल पेपर्स के माध्यम से रिवीजन और शिक्षकों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन ने मुझे एनईईटी परीक्षा की तैयारी में सहायता की है। नीट का आयोजन हर साल राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा उन छात्रों के लिए योग्यता परीक्षा के रूप में किया जाता है जो भारत में सरकारी और निजी संस्थानों में स्नातक चिकित्सा (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा (बीडीएस) और आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, आदि) पाठ्यक्रम करना चाहते हैं।, विदेश में प्राथमिक चिकित्सा योग्यता प्राप्त करने के इच्छुक लोगों के लिए। नीट 2023 के लिए देश भर से 20 लाख से अधिक छात्र उपस्थित हुए।

### जेके ऑगेनाईजेशन ने आयोजित किए रक्तदान शिविर

**देहरादून। विगत** 138 वर्षो से भारत के प्रसिद्ध औद्योगिक समूह जेके ऑगेनाईजेशन ने समूह के पूर्व प्रेसिडेंट स्वर्गीय हरिशकंर सिंघानिया की 90वीं जन्म जयन्ती के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इन रक्तदान शिविरों का आयोजन समूह के स्वामित्व वाले विभिन्न कार्यालयों और विनिर्माण सुविधाओं में किया गया था। पद्म भूषण प्राप्तकर्ता स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया ने समूह में कई नए उद्यमों को आरंभ करने और एकीकृत करने के साथ ही कई नए उपक्रमों की स्थापना करके जेके संगठन के विस्तार और एकीकरण में सक्रिय रूप से योगदान दिया। रक्त दान अभियान को विशेष रूप से पूर्व लीडर के सम्मान में इस दिन आयोजित किया गया था।

## शिव शक्ति सेवा समिति ने किया रक्तदान शिविर

**हरिद्वार**
शिव शक्ति सेवा समिति की और से सिडकुल स्थित होटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर किया। इसका शुभारंभ रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने किया।
सीएमओ मनीष दत्त ने भी रक्तदान शिविर का जायजा लिया।
रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए विधायक आदेश चौहान ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में शिव शक्ति सेवा समिति का अनुकरणीय योगदान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी के प्राणों की रक्षा करता है। इससे बढ़कर कोई अन्य पुण्य कार्य नहीं हो सकता।

# सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने सैन्य धाम का किया स्थलीय निरीक्षण

**8 जोशी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से सैन्य धाम के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून के गुनियालगांव में बन रहे सैन्य धाम का स्थलीय निरीक्षण किया।
सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से सैन्य धाम के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को सैन्य धाम के निर्माण से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।
मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए सैन्य धाम के निर्माण कार्य को हर हाल में तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने 03 जुलाई से सैन्यधाम में अमर जवान ज्योति का निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां भी परखी। देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माण हो रहे उत्तराखंड के पंचम धाम सैन्य धाम में आगामी 03 जुलाई से अमर जवान ज्योति के निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिसमे प्रदेश के 1734 शहीदों के आंगन से एकत्रित की गई पवित्र मिट्टी का उस अमर जवान ज्योति में उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल गुरमीत सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शहीदों की वीरांगनाएं एवं उनके परिवारजन भी उपस्थित रहेंगे।सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा मंत्री ने सैन्य धाम में भूमि से संबंधित विसंगतियों को शीघ्र दूर करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा पूरे देश के विभिन्न स्मारकों का अध्ययन करने के बाद सैन्य धाम का निर्माण हो रहा है। सैन्य धाम का मुख्य गेट देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम से बनाया जा रहा है। गणेश जोशी ने कहा सैन्य धाम के बनने के बाद जिस प्रकार चारों धामों के दर्शन करने लोग आते हैं। ठीक उसी प्रकार से ने सैन्यधाम को देखने लोग यहां आएंगे।
इस अवसर पर सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर अमृतलाल, एसडीएम नरेश चंद्र दुगार्पाल, पार्षद सुंदर सिंह कोठाल, लक्ष्मण सिंह रावत सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा की कथनी और करनी में अंतर: माहरा

**8 लैंड जिहाद को अपनी कामयाबी मानने वाली वर्तमान सरकार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आइना दिखाया है**



**देहरादून**
लैंड जिहाद को अपनी कामयाबी मानने वाली वर्तमान सरकार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आइना दिखाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है, वह केवल दिखावे का काम कर रही है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में उत्तराखंड सूचना आयोग की वेबसाइट से निकाले गए एक प्रकरण पर उन्होंने कहा है कि भाजपा दोहरा मानक अपनाती है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार जमीनों पर किये गये अवैध कब्जों पर सरकार कुछ नहीं कर रही है। इसके लिए उन्होंने भाजपा पार्षद अजय सिंघल के लिखे गये पत्र और अपील का उदाहरण दिया है, जिसमें सिद्धांत पैरामेडिकल कॉलेज ने नगर निगम की साढ़े तीन बीघा जमीन पर कब्जा किया हुआ है, लेकिन बेदखली मात्र 0.030 हेक्टेयर पर ही की गई है।
महरा का कहना है कि छह बीघे जमीन जो एक संस्थान ने दबाई है, उसे पूरी तरह छुड़ाया जाना चाहिए।

## आयुर्वेद विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अविलंब हटाया जाए: महासंघ

**देहरादून**
उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार उजागर करने का काम उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का रहा है। संगठन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह और महामंत्री डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला ने अपर मुख्य सचिव वित्त को एक पत्र लिखकर आयुर्वेद विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अमित जैन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अविलंब हटाया जाए। अपने पत्र में महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि उत्तराखंड विश्वविद्यालय में कार्यरत अमित जैन गंभीर अनियमितता के आरोप में शासकीय जांच समिति से आरोप पत्र प्राप्त होने के बाद भी इस विश्वविद्यालय में निर्बाध रूप से कार्यरत है।

# भाजपा कार्यालय की जमीन खरीद मुद्दे पर वर्तमान अध्यक्ष को नोटिस जाना चाहिए : बिशन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान विधायक बिशन सिंह चुफाल ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन जो ग्रामीण सिलिंग के नियत प्राधिकारी भी है को शनिवार को पत्र लिखकर इस प्रकरण से अपना नाम हटाने का आग्रह किया है। उन्होंने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के नाम से इस प्रकरण को नामित करने का आग्रह किया है।
शनिवार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि प्रशासन की जारी नोटिस संख्या 12 13 जून को मेरे नाम भेजा गया है। वे वर्ष 2011 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे। उस समय भाजपा की व्यवस्था के अनुसार मेरे नाम पर दो सदस्यीय समिति भू क्रम करने को गठित की गई थी। उनके द्वारा विक्रम पत्र पर क्रेता के रूप में हस्ताक्षर किए गए थे। जमीन की रजिस्ट्री भी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड बिशन सिंह चुफाल के नाम पर हुई थी और पता 39/29/3 बलबीर रोड दशार्या गया था, लेकिन इस पते पर नोटिस न भेजकर उनके व्यक्तिगत पते पर भेजा गया जबकि वर्तमान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वे नहीं बल्कि महेन्द्र भट्ट हैं। बिन्दु संख्या तीन में बिशन सिंह चुफाल ने कहा है कि देहरादून के अंतर्गत किसी भी स्थान पर उनके और परिवारजनों की एक भी इंच जमीन भूलेखों में दर्ज नहीं है। उन्होंने लिखा है कि भविष्य में कोई भी सूचना उन्हें न देकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट को दी जाए।

# पेंडुला गांव में सिखाये संचारी रोगों से बचाव के तरीके




**देहरादून/कीर्तिनगर**
ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने पेण्डुला गांव में जागरुकता सम्मेलन का आयोजन करके ग्रामीणों को संक्रामक रोगों से बचे रहने के तरीके सिखाये। इस दौरान अवसर पर आयोजित शिविर में 60 से अधिक ग्रामीणों का परीक्षण करके उन्हें दवाएं दी गईं। यूकोस्ट के सहयोग से आयोजित जागरुकता सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कहा कि बीमारी के चपेट में आकर कष्ट उठाने से बेहतर है कि कुछ सावधानियां बरत कर रोगों से दूर रहा जाए।
जर्नलिज्म के प्रोफेसर व निदेशक (अवस्थापना) डॉ सुभाष गुप्ता ने कहा कि चार धाम यात्रा मार्ग पर कारोबार करने और रहने वालों को हर तरह के संक्रमण से बचाना बहुत महत्वपूर्ण है इन्हें संक्रमण से बचाकर गांव कस्बे और दूसरे यात्रियों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।
डॉ रचित गर्ग ने कोविड काल के अनुभव सुनाते हुए कहा कि किसी भी संक्रामक रोग से पीड़ित व्यक्ति के सम्पर्क में आने पर डरने की नहीं बल्कि सावधानियां बरतने की जरूरत है।
ग्राफिक एरा अस्पताल देहरादून से आये डॉ मुकुल चौहान ने ग्रामीणों को संक्रमण से बचने केलिए बार बार हाथ धोने और किसी के सम्पर्क में आने से पहले मास्क लगाने का सुझावदिया। डॉ. मारिशा पंवार, ग्राफिक एरा अस्पताल देहरादून के डॉ. रोहित शर्मा और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ हिमानी बिंजोला ने हेप्पेटाइटिस, मंकी पॉक्स, डेंगू, खसरा, बर्ड फ्लू और वायरस के जरिये फैलने वाले रोगों बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। जागरुकता सम्मेलन में पेंडुला, पाव अकरी, सैण, बंकोला, पिपोला, अडेनी आदि गांवों के लोग शामिल हुए।सम्मेलन में सभी ग्रामीणों को संक्रमण से बचाव के लिए ग्राफिक एरा अस्पताल की ओर से एक-एक किट भेंट की गई।

# डोईवाला में पिता ने बेटे की चाहत में दो बच्चियों की ली जान, उत्पीड़न से तंग पत्नी पहले ही छोड़ गयी थी घर





**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पिता ने बेटे की चाहत में अपनी दो मासूम बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गया। आरोपित की पत्नी पहले ही मारपीट से तंग आकर मायके चली गयी थी। यही नहीं उसने दूसरी शादी भी कर ली थी। इससे से भी आरोपित बहुत नाराज था। इस जघन्य घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी और लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश शाह की अगुवाई में पुलिस टीम फरार हत्यारे को खोज रही है।
डोईवाला थाना प्रभारी राजेश शाह ने बताया कि जितेन्द्र की सास आशु देवी ने शुक्रवार की देर रात कोतवाली डोईवाला में तहरीर में आरोप लगाया कि उसके दामाद जितेन्द्र साहनी ने बेटा नहीं होने के चलते अपनी पत्नी को लगातार पीटता था। मूल रूप से फजला जिला दरबंगा, बिहार का रहने वाला जितेन्द्र साहनी इतना क्रूर है कि उसकी पत्नी रीना डेढ़ माह पूर्व उसे छोड़कर सगे भतीजे के साथ भाग गई। तभी से वह दूसरी शादी और बेटे का इच्छुक जितेन्द्र ने अपनी दो बच्चियों तीन वर्षीय आंचल और डेढ़ वर्षीय अनीशा को निपटाना चाहता था।
उसका मानना था कि इन बच्चियों के कारण उसकी शादी नहीं हो पा रही है। पुलिस के अनुसार दूसरी शादी और बेटे की चाहत के चलते वह बच्चियों से छुटकारा पाना चाहता था। इसके लिए उसने शुक्रवार को अपनी दोनों बच्चियों का गला कब दबाकर मार कर दिया, किसी को पता नहीं चला। इस बात की भनक जितेन्द्र साहनी की मां दुर्गा देवी, जो कूड़ा बीनती है को तब पता चला, जब वह कूड़ा बीनकर देर शाम घर पहुंची। जानकारी मिलने पर पुलिस दोनों बच्चियों को लेकर स्वास्थ्य केन्द्र गई जहां चिकित्सक ने उन दोनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया।
इंस्पेक्टर राजेश शाह के अनुसार जितेन्द्र साहनी की आखिरी लोकेशन डोईवाला रेलवे स्टेशन के पास मिली थी, जिससे संभावना यह जताई जा रही है कि वह ट्रेन में बैठकर कहीं भाग गया। इंस्पेक्टर के अनुसार जितेन्द्र साहनी मजदूरी और कबाड़ बीनने का काम करता था। वह नशे का भी आदी था। नशे में ही उसने यह घटना की होगी।
केशवपुरी बस्ती के लोगों का कहना है कि जितेन्द्र का विवाह पांच साल पहले आशु देवी की बेटी रीना से हुआ था, जिनकी दो बच्चियां हो गईं। पुत्र न होने के कारण जितेन्द्र अपनी पत्नी की लगातार पिटाई करता था। मोहल्ले के लोगों का मानना है कि वह कहता था कि यदि उसकी पत्नी रीना बच्चियों को नहीं ले गई तो वह इन दोनों को नहीं छोड़ेगा। उसे समझाया भी गया, लेकिन उसे बेटे और दूसरी शादी की सनक सवार थी। केशवपुरी बस्ती के आरोपित जितेन्द्र साहनी अपनी मां दुगार्देवी और सास के साथ रहता था, लेकिन गला घोंटकर अपनी छोटी बच्चियों को मार डाला। गली के अंदर घर होने के कारण इस घटना का किसी को पता भी नहीं चला।

## मोईन अली की चोट चिंता का विषय, इंग्लैंड ने इस स्पिनर को टीम में किया शामिल

**लंदन।** इंग्लैंड ने 18 वर्षीय लेग स्पिनर रेहान अहमद को एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया क्योंकि मोईन अली की चोटिल उंगली को लेकर चिंता बनी हुई है। आस्ट्रेलिया मंगलवार को एजबेस्टन में पहले टेस्ट में दो विकेट की जीत के बाद पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट बुधवार से लार्ड्स में शुरु होगा। हालांकि 36 वर्षीय अली के समय पर उबरने की उम्मीद है। अहमद इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने थे जब दिसंबर में उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ टीम में चुना गया था, तब वह 18 वर्ष और 126 दिन के थे।



**दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड स्क्वॉड:** बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, मोइन अली, जेम्स एंडरसन, जोनाथन बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जोश टंग, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

## भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पर एक मैच का प्रतिबंध, कुवैत के खिलाफ करेंगे वापसी

**बेंगलुरु।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक सैफ चैम्पियनशिप में एक मैच के प्रतिबंध के बाद मंगलवार को कुवैत के खिलाफ मैच में 'डगआउट' में दिखायी देंगे। सैफ चैम्पियनशिप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया गया था जिससे उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा था। दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) के महासचिव अनवारुल हक ने पीटीआई को कहा कि स्टिमक का अपराध इतना गंभीर नहीं था कि उन पर एक मैच से ज्यादा का प्रतिबंध लगे और इसे आगे की कार्रवाई के लिए सैफ की अनुशासनात्मक समिति को नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने गुरुवार को ढाका से कहा, 'उन पर (स्टिमक) एक मैच का प्रतिबंध लगेगा, इससे ज्यादा नहीं। उन्होंने कहा कि रैफरी और मैच आयुक्त की रिपोर्ट में मैच के दौरान हुई इस घटना का जिक्र किया था जिसमें स्टिमक को खेल के मैदान से बाहर कर दिया गया था लेकिन इसे सैफ अनुशासनात्मक समिति के पास नहीं भेजा जायेगा। हक ने कहा, 'यह (उल्लंघन) इतना गंभीर नहीं था कि इसे अनुशासनात्मक समिति को (कड़ी सजा के लिए) भेजा जाए।' किसी खिलाड़ी या कोच को लाल कार्ड दिखाने से आमतौर पर एक मैच का प्रतिबंध लगाता है लेकिन उल्लंघन गंभीर हो तो इसमें सजा चार मैच के निलंबन तक पहुंच सकती है।



## योगेश्वर को बृजभूषण के 'पिछलग्गू' के तौर पर याद किया जाएगा: विनेश फोगाट

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि कुश्ती जगत योगेश्वर दत्त को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के 'पिछलग्गू' के रूप में याद रखेगा। इससे पहले लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर ने एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप ट्रायल से उन्हें और पांच अन्य पहलवानों को दी गई छूट पर सवाल उठाया था। विनेश ने ट्विटर पर लिखा, 'कुश्ती जगत को आपका बृजभूषण के तलवे चाटना हमेशा याद रहेगा। महिला पहलवानों को तोड़ने में इतना जोर मत लगाओ, बहुत पक्के इरादे हैं इनके। ध्यान रखना कहीं ज्यादा जोर लगवाने से कमर न टूट जाए। रीढ़ तो पहले ही बृजभूषण के पैरों में रख चुके हो। तुम बहुत संवेदनहीन इंसान हो। जालिम के हक में खड़े हो, उसकी चापलूसी कर रहे हो।' एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में कई बार पदक जीत चुकी विनेश ने योगेश्वर की तुलना जयचंद से करते हुए कहा, 'जब तक कुश्ती में योगेश्वर जैसे जयचंद रहेंगे, यकीनन जालिमों के हौसले बुलंद रहेंगे।' इतिहास में कन्नौज के राजा जयचंद को पृथ्वीराज चौहान को हराने के लिए मोहम्मद गौरी के साथ साजिश रचने के लिए याद किया जाता है।

## क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे कार्लोस अल्कराज

**लंदन।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

स्पेन के 20 वर्षीय स्टार खिलाड़ी अल्कराज ने बल्गेरियाई अनुभवी ग्रिगोर दिमित्रोव को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। पिछले साल विंबलडन चैंपियनशिप में 16वें राउंड में पहुंचने वाले अल्कराज सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी सेबेस्टियन कोर्डा से भिड़ेंगे।

32वीं रैंकिंग वाले कोर्डा ने क्वार्टरफाइनल में ब्रिटिश नंबर 1 कैमरून नोरी को 6-4, 7-6 (1) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। मैच जीतने के बाद अल्कराज ने कहा, उन तीन टूर्नामेंटों को ध्यान में रखते हुए जो मैंने ग्रास कोर्ट पर खेले थे, मैं कह सकता हूं कि यह मेरा सबसे अच्छा मैच था। दूसरे



सेमीफाइनल में डेनमार्क के होल्गर रून का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त रून ने एक घंटे और 54 मिनट तक चले मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी को 6-4, 7-5 से हराया।

## टेस्ट टीम में जगह बनाने पर मुकेश कुमार को गांगुली ने दी बधाई





**कोलकाता।** बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल होने पर बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने बधाई दी है। सीएबी के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने कहा, '' सीएबी की ओर से मैं मुकेश को बधाई देता हूं और उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। वह पिछले दो सत्रों से बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि प्लेइंग इलेवन में मौका मिलने पर वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि मुकेश कुमार को वेस्टइंडीज दौरे के लिये आज घोषित टेस्ट और वनडे टीम में शामिल किया गया है 2022-2023 रणजी सीजन में 22 विकेट हासिल कर बंगाल को फाइनल में पहुंचाने वाले मुकेश को हाल ही में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 38 प्रथम श्रेणी मैचों में 149 विकेट हासिल किये हैं।

## फीफा के पहले विस्तारित क्लब विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा संयुक्त राज्य अमेरिका

**ज्यूरिख।** संयुक्त राज्य अमेरिका 2025 में फीफा के पहले विस्तारित क्लब विश्व कप की मेजबानी करेगा, फुटबॉल की वैश्विक शासी निकाय ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। टूर्नामेंट में 32 टीमें हिस्सा लेंगी।

प्रतिभागियों में 12 यूरोपीय क्लब होंगे, जिनमें 2021-24 के चैंपियंस लीग विजेता भी शामिल हैं, जिसका अर्थ है कि चेल्सी, रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी ने क्वालीफाई कर लिया है। शेष यूरोपीय क्लबों का निर्धारण उसी चार साल की अवधि के आधार




पर रैंकिंग द्वारा किया जाएगा। विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ऐसा इसलिए है, क्योंकि इससे फीफा को विश्व कप 2026 के आयोजन के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी, जिससे दोनों टूर्नामेंटों और उत्तरी अमेरिकी क्षेत्र में फुटबॉल के विकास को लाभ होगा।

फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, फीफा क्लब विश्व कप 2025 विशिष्ट पेशेवर पुरुष क्लब फुटबॉल का शिखर होगा। दुनिया के कुछ शीर्ष क्लब पहले ही इस टूर्नामेंट के लिए योग्यता हासिल कर चुके हैं, फुटबॉल को वास्तव में वैश्विक बनाने के हमारे मिशन में इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर के लिए हर महाद्वीप के प्रशंसक दो साल में संयुक्त राज्य अमेरिका में अपना जुनून और ऊर्जा लाएंगे।

इसके अलावा, फीफा परिषद ने शुक्रवार को फीफा विश्व कप 2030 की बोली प्रक्रिया पर भी चर्चा की। मेजबान की नियुक्ति की घोषणा अगले साल चौथी तिमाही में की जाएगी।

## तीन साल के अनुंबध पर बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए राफेल गुएरेरियो

**म्यूनिख।** बुंडेसलिगा खिताब विजेता एफसी बायर्न ने शुक्रवार को पुर्तगाली लेफ्ट-बैक राफेल गुएरेरियो के साथ तीन साल का करार किया है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी 29 वर्षीय गुएरेरियो, जो आमतौर पर बाएं फ्लैंक पर खेलते हैं, 30 जून 2026 तक क्लब में बने रहेंगे। बोरूसिया डॉर्टमुंड छोड़ने के बाद गुएरेरियो एक फ्री ट्रांसफर पर जर्मन क्लब में शामिल होंगे।

**इस ट्रांस कपल ने कर दिखाया कुछ ऐसा जो किसी ने न सोचा था**

बायर्न के लिए करार पर गुएरेरियो ने कहा, जब एफसी बायर्न से कॉल आया, तो मैंने अपना निर्णय तेजी से लिया। इस महान क्लब के लिए खेलने में सक्षम होना मेरे लिए सम्मान की बात है, और मैं डॉर्टमुंड में अपने समय के दौरान से ही थॉमस ट्यूशेल का भी बहुत सम्मान करता हूं। मैं एक ऐसा खिलाड़ी हूं जो हमेशा खेलना चाहता है। मैं अपना सब कुछ दूंगा ताकि हम



जितना संभव हो उतने खिताब जीत सकें। करार पर खुशी जताते हुए एफसी बायर्न के सीईओ जान-क्रिश्चियन ड्रिसेन ने कहा, राफेल गुएरेरियो वर्षों से बुंडेसलीगा में सर्वश्रेष्ठ और सबसे लगातार खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह बहुमुखी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभवी हैं, और एक चरित्र और खिलाड़ी दोनों के रूप में हमारी टीम में पूरी तरह से फिट बैठते हैं। हमें बहुत खुशी है कि वह भविष्य में एफसी बायर्न शर्ट पहनेंगे। कोच और प्रबंधन के रूप में हम इस बात पर सहमत हैं कि वह निस्संदेह हमारे खेल को बढ़ाएंगे।

## ओलंपिक डे रन : 50 उदीयमान खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** ओलंपिक डे के अवसर पर दौड़ के साथ ही साइकिलिंग भी हुई। इसमें खेल प्रेमियों, छात्रों, प्रशिक्षकों एवं उनके अभिभावकों सहित तमाम खेलों के संगठनों ने भाग लिया। खिलाड़ियों में खेल भावना की अलख जगाने और ओलंपिक खेलों के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ और लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में ओलंपिक डे रन का आयोजन किया गया था। इस दौरान विजय पथ योजना के तहत 50 उदीयमान खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं रन में खेल भावना के साथ दौड़े समस्त प्रतिभागियों को लखनऊ ओलंपिक संघ की ओर से प्रमाणपत्र और ओलंपिक डे कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासचिव डा. सैयद रफत ने कहा कि वे चाहते हैं कि लखनऊ का कोई खिलाड़ी ओलंपिक में एकल खेलों में भारत के लिए कम से कम एक स्वर्ण पदक जीते। इसके लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही कोशिश होगी कि लखनऊ के खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा दी जाये, जिससे वे बड़ी प्रतियोगिताओं में देश का नाम रौशन करें। उन्होंने आगे बताया कि संघ द्वारा लगातार नई प्रतिभा को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। मुरलीधर आहूजा ने भी भरोसा दिलाया कि लखनऊ ओलंपिक संघ की पूरी मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि विजयपथ योजना के साथ-साथ अन्य योजना को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा हर संभव मदद दी जायेगी। वह लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश का नाम या देश का नाम रोशन करने के लिए जो भी सहायता होगी उसे करने के लिए तैयार है। लखनऊ के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने इस मौके पर खिलाड़ियों की मदद के लिए चलायी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। लखनऊ ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा अन्नू (पार्षद) ने कहा कि संघ लगातार नई प्रतिभा को आगे लाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ ओलंपिक संघ का यह संगम सचमुच में अद्भुत है और जितनी बड़ी संख्या में खिलाड़ी सम्मिलित हुए हैं। वह खिलाड़ियों के उत्साह का प्रतीक है।इस मौके पर लखनऊ ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारीगण मौजूद थे। इनमें संजय मिश्रा, नरेंद्र सिंह चौहान, आनंद किशोर पाण्डेय, मालविका बाजपेयी, विनीत बिसारिया, एडवोकेट अब्दुल मुकीद खान, अनवर कादिर, संजय सचदेवा, धर्मेंद्र चौरसिया, राजीव टंडन व अन्य मौजूद थे।

## नौ जुलाई से शुरू होगा स्कूली क्रिकेट मैच : चेतन शर्मा

**लखनऊ।** लखनऊ चैलेंजर्स सेलिब्रिटी लीग नौ जुलाई से स्कूलों के बच्चों का क्रिकेट मैच कराएगा। इसका उद्देश्य स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों में से अच्छे खिलाड़ियों का चयन करना है।

इस संबंध में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी और इंडियन क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर रह चुके चेतन शर्मा ने कहा कि सभी पूर्व खिलाड़ी विद्यालयों से ही रहे हैं लेकिन वहां सिर्फ कोर्स पूरा करने और किताबी ज्ञान की शिक्षा के कारण बहुत सारी प्रतिभाएं दब जाती हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन दबी प्रतिभाओं को निखारना है।

चेतन शर्मा ने कहा कि नौ जुलाई से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में 16 विद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। उसमें से चयनित खिलाड़ियों को पूर्व राष्ट्रीय स्तर के मैच खेल चुके खिलाड़ियों के साथ खेलाया



जाएगा। यह मैच आईपीएल की तर्ज पर रात में होंगे, जिससे बच्चों को आइपीएल की अनुभूति हो सके। इन खिलाड़ियों में 15 अच्छे खिलाड़ियों का चयन चेतन शर्मा स्वयं करेंगे। अंतिम चरण में सेलिब्रिटी लीग होगी। आर्यावर्त क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए विद्यालयों को अवगत कराया जा चुका है। रजिस्ट्रेशन का काम भी शुरू हो गया है। आयोजन समिति के सदस्य सोनू पांडेय ने बताया कि अंतिम चयनित 15 बच्चों को देश के जाने-माने कोचों की निगरानी में कैंप कराया जाएगा। सोनू ने बताया कि अलग-अलग शहरों में हर साल इस तरह के टूर्नामेंट कराये जाने की योजना है। अभी नौ जुलाई को शुरू हो रहे टूर्नामेंट शहर के कई मल्टी एक्टिविटी सेंटर, आर्यावर्त क्रिकेट और अन्य मैदानों में खेला जाएगा।

## हॉकी मध्यप्रदेश ने जीता जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब

**राउरकेला।** हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी चंडीगढ़ को 4-2 से हराकर 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। हॉकी मध्य प्रदेश की ओर से सर्वाधिक दो गोल श्रेयस धूपे ने 17वें और 46वें मिनट पर दागे जबकि मोहम्मद कोनैन डैड 25वें और अली अहमद 52वें मिनट पर शानदार गोल कर जीत की पटकथा लिख दी। हॉकी चंडीगढ़ के लिए सुमित ने नौवें और सुरिंदर सिंह 31वें मिनट पर गोल किए।

हॉकी मध्य प्रदेश के कोच मंगल वैद ने कहा '' हमारा मकसद गेंद पर कब्जा बनाये रखना और काउंटर की तलाश करके राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना था। राउरकेला पहुंचने से पहले हमारे खिलाड़ियों ने तालमेल बैठाने और विरोधियों पर दबाव बनाने की दिशा में काम किया। मुझे लगता है कि इससे हमें बहुत मदद मिली। भाग लेने वाली सभी टीमों में कुछ




बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी थे, और मुझे लगता है कि खिताब का फैसला उस दिन प्रत्येक टीम के प्रदर्शन और भाग्य के आधार पर किया गया था।

हॉकी चंडीगढ़ के कोच गुरमिंदर सिंह ने कहा ''टीम ने पूरी चैंपियनशिप में बहुत अच्छा खेला, हमने राउरकेला आने से पहले अपने सेट-अप और पेनल्टी कॉर्नर पर काम किया और यह हमारे लिए अच्छा रहा कि अंत में हम यहां तक ??पहुंच गए। हमने जिन भी टीमों के खिलाफ खेला वे अच्छी थीं, लड़कों के लिए यह सीखने का एक शानदार अनुभव रहा। इस बीच, हॉकी हरियाणा ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-1 से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। हॉकी हरियाणा के कोच भरत सिंह ने कहा '' ''चैंपियनशिप के दौरान मुझे अपनी टीम पर अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा था, हमने पहुंचने से पहले एक टीम के रूप में पेनल्टी कॉर्नर का अभ्यास किया और यह वह प्रेरक शक्ति साबित हुई जिसने हमें कांस्य पदक दिलाया।

## बल्लेबाजी विफलताओं के लिए पुजारा को बलि का बकरा क्यों बनाया गया : गावस्कर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की बल्लेबाजी की विफलता के बाद अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को गलत तरीके से निशाना बनाया गया और उन्हें वेस्टइंडीज दौरे के लिए बाहर कर दिया गया। गावस्कर ने वेस्टइंडिज के खिलाफ 2 टेस्ट मैच में पुजारा को भारतीय टीम में जगह नहीं देने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, उन्हें क्यों हटा दिया गया है? उन्हें हमारी बल्लेबाजी विफलताओं के लिए बलि का बकरा क्यों बनाया गया है। वह भारतीय क्रिकेट के एक वफादार सेवक रहे हैं। एक वफादार और शांत सेवक। एक वफादार और शांत उपलब्धि हासिल करने वाला। लेकिन क्योंकि उनके लाखों फोलोअर्स नहीं हैं, जो शोर मचाएंगे कि आपने उन्हें क्यों ड्रोप कर दिया, तो इसका ये मतलब नहीं कि आप उसे ड्रोप कर दीजिए।

गावस्कर ने कहा, यह समझ






से परे की बात है। उन्हें बाहर करने और फेल होने वाले अन्य लोगों को रखने का मानदंड क्या है? मुझे नहीं पता क्योंकि आजकल, चयन समिति के अध्यक्ष के साथ कोई मीडिया बातचीत नहीं होती है।

गावस्कर का मानना है कि पुजारा को सिर्फ उनकी उम्र की वजह से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, -वह देशी क्रिकेट खेल रहे हैं। इसलिए, उन्होंने काफी रेड-बॉल क्रिकेट खेला है और वह जानते हैं कि यह किस बारे में है।

उन्होंने कहा, आज लोग 39-40 साल की उम्र तक खेल सकते हैं और जब तक आप रन बना रहे हैं, तब तक खेल सकते हैं।मुझे नहीं लगता कि उम्र कोई कारक होनी चाहिए।

अजिंक्य रहाणे के अलावा, बल्लेबाजी पूरी तरह से विफल रही। पुजारा को कमजोर खिलाड़ी क्यों बनाया गया, यह चयनकर्ताओं को बताना होगा।

